बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

दिनांक 19.07.2012 को प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में मॉडल ब्लड बैंक, जय प्रभा अस्पताल, कंकड़बाग, पटना में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों की सेवा वापसी से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सम्पन्न बैठक की कार्यवाही:-

इस बैठक में परियोजना निदेशक, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, सिविल सर्जन, पटना, एवं श्री मनोज कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग उपस्थित रहे ।

स्वास्थ्य विभागीय अधिसूचना संख्या-625(2) दिनांक 11.07.2012 द्वारा राज्य स्वास्थ्य सेवा के सभी वैसे चिकित्सा पदाधिकारी जिनकी प्रतिनियुक्ति अवधि तीन वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है का प्रतिनियुक्ति आदेश रद्द किया गया है ।

इस ब्लड बैंक में अभी कोई पद सृजित नहीं की गयी है । पद सृजन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है । पद सृजन की कार्रवाई पूरा होने के उपरान्त विभिन्न कोटि के कुल सृजित पदों पर रोस्टर क्यिरेंस कराकर शीध्र राष्ट्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराकर पदों को भरने की कार्रवाई की जाएगी ।

(अनुपालन - श्री विश्वनाथ ठाकुर, संयुक्त सचिव)

साथ ही जबतक पदो का सृजन की कार्रवाई नहीं हो जाता है सिविल सर्जन, पटना पटना जिला बल में उपलब्ध चिकित्सा पदाधिकारियों में से तत्काल प्रतिनियुक्ति करेंगे ।

मॉडल ब्लड बैंक, जय प्रभा अस्पताल, कंकड़बाग, पटना में प्रतिनियुक्त चिकित्सक डा0 आनन्द किशोर एवं डा0 रविन्द्र कुमार को शीध्र विरमित करने का निर्णय लिया गया ।

(अनुपालन - परियोजना निदेशक, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति/सिविल सर्जन, पटना)

19/7/12
(श्री मनोज कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी

19.7.12
(डा0 लखीन्द्र प्रसाद)
सिविल सर्जन, पटना

19.7.12
(संजीव कुमार सिन्हा)
परियोजना निदेशक

(व्यास जी)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक - 355(H-S)

पटना, दिनांक - 24-7-2012

प्रतिलिपि - सभी संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि - प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा-2/10/ सिविल सर्जन, पटना/ क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना प्रमंडल, पटना/ / संयुक्त सचिव (श्री ठाकुर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

संयुक्त सचिव (श्री ठाकुर) जय प्रभा अस्पताल, कंकड़बाग, पटना में पद सृजन की कार्रवाई से संबंधित संचिका को अविलम्ब उपस्थापित करेंगे ।

प्रतिलिपि - परियोजना निदेशक, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि - माननीय मंत्री, स्वास्थ्य को सूचनार्थ प्रेषित ।

(व्यास जी)
प्रधान सचिव